भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2525

जिसका उत्तर सोमवार, 03 अगस्त, 2026/12 श्रावण, 1948 (शक) को दिया गया

असम के कछार जिले में पीएमजेडीवाई का कार्यान्वयन

†2525. श्री परिमल शुक्ला बैद्य:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) असम में प्रधान मंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के कुल कितने खाते खोले गए हैं और कछार जिले के विशेष संदर्भ में जिला-वार ब्यौरा क्या है और महिला खाताधारकों की संख्या कितनी है;

(ख) कछार जिले में पीएमजेडीवाई खाताधारकों को प्रदान की जाने वाली बैंकिंग सुविधाओं, रुपे डेबिट कार्डों, ओवरड्राफ्ट, बीमा और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) लाभों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने कछार जिले में बैंक रहित परिवारों, निष्क्रिय खातों और वित्तीय साक्षरता का कोई आकलन किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) बैंकिंग कॉरेस्पोंडों, डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय समावेशन पहलों के माध्यम से कछार जिले के दूरस्थ, चाय बागानों, बाढ़ प्रवण और ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग पहुंच का विस्तार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और पीएमजेडीवाई खातों के लिए न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकताओं की प्रयोज्यता के संबंध में क्या स्पष्टीकरण दिया गया है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (घ): असम राज्य में प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के अंतर्गत महिला लाभार्थियों की संख्या सहित खोले गए खातों की कुल संख्या का ज़िलेवार ब्यौरा 'अनुबंध-I' में दिया गया है। कछार ज़िले में पीएमजेडीवाई के अंतर्गत खोले गए कुल 12,16,176 खातों में से दिनांक 15.07.2026 तक की स्थिति के अनुसार 8,57,203 खाते परिचालानरत हैं। इसके अतिरिक्त , कछार ज़िले में पीएमजेडीवाई खातों के लिए कुल 7,92,456 रुपे डेबिट कार्ड जारी किए गए |

इसके अतिरिक्त, पीएमजेडीवाई खाताधारकों सहित कछार जिले में सामाजिक सुरक्षा कवरेज में 6.97 लाख प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) नामांकन और 3.20 लाख प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) नामांकन शामिल हैं। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) स्कीमों से जुड़े पीएमजेडीवाई खातों की संख्या और जिला-वार पीएमजेडीवाई ओवरड्राफ्ट सम्बन्धी आंकड़ों का रखरखाव केंद्रीय रूप से नहीं किया जाता है। तथापि, पीएमजेडीवाई दिशा-निर्देशों में सरकार से लाभार्थियों के जन-धन खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) की परिकल्पना की गई है। पीएमजेडीवाई खातों सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सीधे उनके बैंक खातों में लाभ दिया जा रहा है|

ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, सरकार का प्रयास देश के सभी बसे हुए गांवों के 5 किलोमीटर के भीतर एक बैंकिंग आउटलेट (बैंक शाखा/बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट / इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक) प्रदान करना रहा है। बैंकिंग आउटलेट्स की उपलब्धता की निगरानी भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित ऐप अर्थात् जन धन दर्शक (जेडीडी) ऐप द्वारा की जाती है।

जेडीडी ऐप के अनुसार, दिनांक 30.06.2026 तक की स्थिति के अनुसार, असम के कछार जिले के सभी बसावट वाले गांवों को 5 किमी. के दायरे में बैंकिंग आउटलेट द्वारा कवर किया गया है|

पीएमजेडीवाई खातों को शून्य शेष खातों के रूप में प्रदान किया जाता है और इन पर न्यूनतम शेष राशि लागू नहीं होती है।

इसके अतिरिक्त, वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) परियोजना 2017 से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुरू की गई है जिसका उद्देश्य वित्तीय साक्षरता के लिए समुदाय द्वारा प्रस्तुत नवाचारी और सहभागी दृष्टिकोण को अपनाना है। देश भर में कुल 2,421 सीएफएल स्थापित किए गए हैं, जिनमें से एक सीएफएल औसतन तीन ब्लॉकों को कवर करता है।

बैंक नियमित रूप से शिविर आयोजित करते हैं ताकि विभिन्न योजनाओं, बुनियादी बैंकिंग, डिजिटल वित्तीय साक्षरता, उपभोक्ता संरक्षण आदि के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके।

******

अनुबंध - I

"असम के कछार जिले में पीएमजेडीवाई का कार्यान्वयन" के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2525 के उत्तर के भाग (क) से (घ) में उल्लिखित अनुबंध-I

(दिनांक 15.07.2026 तक की स्थिति के अनुसार)

क्रम सं .	जिले का नाम	पीएमजेडीवाई खातों की संख्या	पीएमजेडीवाई महिला खाताधारक
1	बजाली	1,10,869	71,214
2	बक्सा	4,03,775	2,48,167
3	बारपेटा	17,97,711	10,14,007
4	बिश्वनाथ	4,15,142	2,53,975
5	बोंगाईगांव	5,60,167	3,26,722
6	**कछार**	**12,16,176**	**7,01,287**
7	चराइदेव	2,21,482	1,39,850
8	चिरांग	3,28,605	2,01,330
9	दरांग	11,18,439	6,40,056
10	धेमाजी	8,22,971	4,82,318
11	धुबरी	22,41,752	12,68,054
12	डिब्रूगढ़	7,44,010	4,58,910
13	दीमा हसाओ	67,691	37,636
14	गोलपारा	9,73,015	5,62,463
15	गोलाघाट	8,16,886	4,92,525
16	हैलाकांडी	6,01,818	3,44,353
17	होजाई	7,03,311	4,15,681
18	जोरहाट	6,40,754	3,95,558
19	कामरूप	12,12,738	7,07,828
20	कामरूप मेट्रो	4,18,217	2,37,411
21	कार्बी आंगलोंग	3,27,600	1,96,040
22	करीमगंज	8,77,029	5,01,059
23	कोकराझार	7,46,718	4,29,477
24	लखीमपुर	8,66,821	5,10,905
25	माजुली	80,121	50,011
26	मारीगांव	9,54,906	5,67,469
27	नागांव	22,16,437	12,81,446
28	नलबाड़ी	6,14,413	3,63,450
29	शिवसागर	5,17,507	3,12,804
30	सोनितपुर	10,99,326	6,62,960
31	दक्षिण सलमारा मनकाचर	2,07,357	1,26,528
32	तमुलपुर	2,50,859	1,52,568
33	तिनसुकिया	8,90,438	5,59,049
34	उदलगुरी	7,74,516	4,56,388
35	पश्चिम कार्बी आंगलोंग	1,48,814	86,734
असम कुल		**2,59,88,391**	**1,52,56,233**

स्रोत: बैंक

*****